(ख) हिन्दी शब्दकोश लेखन की परंपरा बताइये।

(ग) द्विभाषी हिन्दी कोश की विशेषता बताइये।



[This question paper contains 8 printed pages.]

7/6/16

2305 आपका अनुक्रमांक ..............

B.A. (Programme) / II / III F-1

HINDI LANGUAGE (B) – Paper II (B-136/C-136)

हिंदी भाषा (ख) – प्रश्न-पत्र II

(प्रवेश-वर्ष 2006/2007 और तत्पश्चात् – Non-formal Cell/SOL के विद्यार्थियों के लिए)

*समय : 3 घण्टे* *पूर्णांक : 75*

*(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)*

*टिप्पणी:- प्रश्न-पत्र पर अंकित पूर्णांक कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिए अनुप्रयोज्य हैं। तथापि ये अंक SOL के विद्यार्थियों के संबंध में उनके परिणाम के संकलन के लिए नियुक्त अधिनिर्णय के समय पर, उनके आनुपातिक रूप में अधिक होंगे।*

1. निम्नलिखित अनुच्छेद आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठों से लिए गए हैं। किन्हीं दो अनुच्छेदों के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (8×2=16)

(क) इत्यादि तादात में हमेशा ही ज्यादा होते थे

इत्यादि भाव - ताव करके सब्जी खरीदते थे और खाना - वाना खाकर

खास लोगों के भाषण सुनने जाते थे

इत्यादि हर गोष्ठी में उपस्थिति बढ़ाते थे

इत्यादि जुलूस में जाते थे तख्तियाँ उठाते थे नारे लगाते थे

इत्यादि लंबी लाइनों में लग कर मतदान करते थे

उन्हें लगातार ऐसा भ्रम दिया गया था कि वे ही

इस लोकतन्त्र में सरकार बनाते हैं

इत्यादि हमेशा ही आंदोलनों में शामिल होते थे

इसलिए कभी कभी पुलिस की गोली से मार दिये जाते थे

(i) कवि एवं कविता का नाम बताइए।

(ii) 'इत्यादि' शब्द का अभिप्राय स्पष्ट कीजिए।

(iii) कवि के अनुसार लोकतंत्र में सरकार कौन बनाते हैं ?

(iv) कविता का मुख्य भाव स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'राहुल जी के जीवन की एक बड़ी विशेषता यह रही कि वे एक ही कार्यक्षेत्र या विचारधारा से हमेशा के लिए बंधे नहीं रहे। श्रीलंकावास का अपना अधिकांश समय उन्होंने त्रिपिटक के



(i) हवाई किले बनाना

(ii) मुट्ठी गरम करना

(iii) ओस चाटने से प्यास नहीं बुझती

(iv) हरफन मौला

7. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (4×3=12)

(i) शब्द शक्ति का अर्थ और भेद बताते हुए किसी एक शब्द - शक्ति का सामान्य परिचय दीजिए।

(ii) 'एक हाथ से ताली नहीं बजती' का लक्ष्यार्थ बताइये।

(iii) अक सिर्फ एलबम में रहते हैं परिवार के सारे लोग एक साथ' में निहित व्यांग्यार्थ स्पष्ट कीजिए।

8. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (4×2=8)

(क) हिन्दी शब्दकोश में प्रविष्टि के अनुसार निम्नलिखित शब्दों को वर्णक्रमानुसार लिखिए।

शून्य, पैतृक, भ्रम, संदेश, दरिद्र, क्षितिज, आलोचना प्रवृत्ति

फैसनेबुल फिज़ूलखर्ची की जगह है। मगर दिल्ली का कॉफी हाउस एक सराय है - जिसका जी चाहे आए, चला जाए या न जाए। रोज नए चेहरे और नई - नई आदतें देखने को मिलती हैं। पुरानी जान - पहचान भी ताज़ा हो जाती है। मगर कॉफी हाउस खुद पर असर नहीं होने देता। उसके वातावरण में से कॉफी की भाप और परोसने वाले बेयरों की तत्परता नहीं जाती। लगता है कि आगंतुक आपस में एक दूसरे के लिए कुछ अर्थ नहीं रखते। सभी कॉफी पीते हैं, हँसते बोलते भी हैं। पर सब पर कॉफी हाउस का अपना व्यापारिक वातावरण एक विशिष्ट तीसरी सत्ता की भाँति छाया रहता है। उपमा ही देना पड़े तो हम इसकी उपमा उस कक्षा से देंगे जिसमें मास्टर साहब ऊँघ रहे हों और लड़के एक - दूसरे पर, चाक के टुकड़ों से निशाने लगा रहे हों। मगर आखिरकार मास्टर साहब वहाँ हैं ही - और लड़के मन से समझ रहे हैं कि अंततः यह स्कूल ही है - कबड्डी का मैदान नहीं।

(i) अनुच्छेद के लेखक और पाठ के शीर्षक का नाम बताइए।

(ii) लेखक ने दिल्ली के कॉफी हाउस की क्या विशेषता बताई हैं?

(iii) किस शहर का कॉफी हाउस विद्यार्थियों का अड्डा है?



(iv) लेखक ने पटने के कॉफी हाउस के बारे में क्या कहा है?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (3×3=9)

(i) लेखक ने प्रस्तुत निबंध में 'रामलीला' और 'नोटंकी' में किन भिन्नताओं पर प्रकाश डाला है। (वह जो यथार्थ था)

(ii) शहर जाने पर जगदीश बाबू को अकेलापन क्यों लगा। (दाज्यू)

(iii) कॉफी हाउसों की संस्कृति पर नवधनाढ्य वर्ग का प्रभाव बताइये। (कॉफी हाउस)

(iv) राहुल जी ने भारतीय वांगमय की समृद्धि के लिए अपना योगदान किस प्रकार दिया। (स्वयम्भू महापंडित)

3. किन्हीं तीन पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। (4×3=12)

(i) भोजपुरी बोली

(ii) साहित्यिक भाषा के रूप में ब्रज भाषा

(iii) संपर्क - भाषा के रूप में हिन्दी

(iv) भाषा और बोली में अन्तर

4. निम्नलिखित में से किसी एक का पल्लवन कीजिए : (6)

(i) करत-करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान

(ii) बीति ताहि बिसार दें, आगे की सुधि लेय

(iii) वही मनुष्य है जो मनुष्य के लिए मरे

5. निम्नलिखित अनुच्छेद का शीर्षक देते हुए संक्षेपण कीजिए : (6)

वीरता का विकास नाना प्रकार से होता है। कभी तो उसका विकास लड़ने-मरने में, खून-बहाने में, तलवार और तोप के सामने जान गंवाने में होता है। कभी प्रेम के मैदान में उसका झंडा खड़ा होता है। कभी साहित्य और संगीत में वीरता खिलती है। कभी जीवन के गूढ़ तत्त्व और सत्य की तलाश में बुद्ध जैसे राज विरक्त होकर वीर हो जाते हैं। कभी किसी आदर्श पर कभी किसी पर वीरता अपना फरहरा लहराती। परन्तु वीरता एक प्रकार का इलहाम (inspiration) है। जब कभी इसका विकास हुआ तभी एक नया कमाल नज़र आया, एक नया जलाल पैदा हुआ, एक नई रौनक एक नया रंग, एक नई बहार, एक नई प्रभुता संसार में छा गई।

6. किन्हीं तीन मुहावरों और लोकोक्तियों के अर्थ बताते हुए इनका वाक्य में प्रयोग कीजिए : (3×2=6)



अनुशीलन को दिया, जिसके लिए विद्यालंकार विहार ने उन्हें त्रिपिटकाचार्य की उपाधि प्रदान की। मगर राहुल जी उतने से ही संतुष्ट नहीं हुए। उन्हें स्पष्ट हो गया कि जब तक संस्कृत बौद्ध साहित्य का अध्ययन न किया जाए, तब तक बौद्ध-धर्म तथा दर्शन की जानकारी अधूरी ही रह जाती है। परंतु लगभग सारा बौद्ध वांगमय भारत से लुप्त हो गया था। हाँ, तिब्बती व चीनी अनुवादों में काफी बौद्ध साहित्य सुरक्षित था। तिब्बत में मृत संस्कृत पोथियों के सुरक्षित होने की भी काफी संभावना थी। अब इसी संस्कृत बौद्ध साहित्य का अन्वेषण करने का राहुल जी ने संकल्प किया।

(i) अनुच्छेद के लेखक और पाठ के शीर्षक का नाम बताइए।

(ii) राहुल जी की क्या विशेषता थी ?

(iii) लेखक को किस उपाधि से नवाजा गया था।

(iv) लेखक ने किसके अन्वेषण का संकल्प लिया।

(ग) दिल्ली का कॉफी हाउस अन्य शहरों में स्थित अपने जाति भाइयों से निराला है। लखनऊ का कॉफी हाउस एक संस्था है, जिसके गिने-चुने सदस्य हैं। इलाहाबाद का कॉफी हाउस विद्यार्थियों का अड्डा है। पटने का कॉफी हाउस वहाँ के निवासियों के लिए